तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, गुरुवार 9 अप्रैल 2026

11 संघर्ष से सफलता की ओर बढ़ते बस्तर...



12 खरीफ की तैयारी पर सरकार का एक्शन...





## खबर संक्षेप

### मजदूर विरोधी नीतियों का किया पुतला दहन



**कांकेर।** मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ 8 अप्रैल को कांकेर के पुराना बस स्टैंड में नगरीय निकाय कर्मचारी यूनियन और राजमिस्त्री मजदूर रेजा कुली एकता यूनियन ने सरकार की नीतियों का विरोध करते हुए पुतला का दहन किया। पुतला दहन के बाद यूनियन के तरफ से उप मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा गया। इनकी माँग है कि सम्मानजनक वोतन भुगतान करने, श्रम कानून के तहत सभी सुविधाओं को लागू करने, प्रत्येक माह के 10 तारीख को वेतन भुगतान किया जाए।

### भाजपा का गांव चलो घर चलो अभियान आज से

**धनेलीकन्हार।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के अव्हान और भाजपा जिला कांकेर के निर्देशन में धनेलीकन्हार मंडल के अंतर्गत गांव चलो घर चलो अभियान के प्रथम चरण की शुरुआत आज 9 अप्रैल से शुरू होने जा रही है। इस विशेष अभियान के तहत पार्टी के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता सीधे ग्रामीणों से संवाद करेंगे। अभियान के प्रथम चरण के लिए निर्धारित रूपरेखा के अनुसार, ग्राम पंचायत कोदागांव में पूर्व सांसद मोहन मंडावी, जनपद सदस्य पंचूराम नायक और अजाजा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मोती राम नाग उपस्थित रहेंगे।

### टीचर्स एसोसिएशन का सम्मेलन 12 को दुर्ग में



**पखांजूर।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के तत्वाधान में दुर्ग में 12 अप्रैल को एक विशाल प्रांतीय महासम्मेलन का आयोजन किया गया है। इस सम्मेलन में प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। यह आयोजन शिक्षकों की लंबित मांगों,पेंशन की विसंगतियों, शिक्षक सम्मान और शिक्षा की गुणवत्ता पर केंद्रित होगा। सम्मेलन में शिक्षकों की लंबित मांगें, पेंशन विसंगतियां, पदोन्नति, टीईटी और शिक्षा की गुणवत्ता जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। साथ ही सेवानिवृत्त एलबी संवर्ग के शिक्षकों का सम्मान किया जाएगा। सोसिएशन पदाधिकारियों ने बताया कि सम्मेलन में प्रदेशभर से हजारों शिक्षक शामिल होंगे और शिक्षा गुणवत्ता बनाए रखने का सामूहिक संकल्प लेंगे। इस दौरान शिक्षा मंत्री को विभिन्न मांगों से संबंधित ज्ञापन भी सौंपा जाएगा, जिसमें प्रथम नियुक्ति से पेंशन, 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन, पदोन्नति, सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाने सहित अन्य मुद्दे शामिल हैं।

# मारवाड़ी में अंतिम संस्कार को लेकर तनाव, समझाइश के बाद बनी सहमति

## ईसाई परंपरा से निजी खेत में अंतिम संस्कार के कारण विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

संवेदनशीलता और सतर्कता के बीच बुधवार को ग्राम मारवाड़ी में एक संभावित विवाद ने तूल पकड़ने की कोशिश की, लेकिन समय रहते प्रशासन की सक्रियता से मामला शांतिपूर्वक सुलझा लिया गया। एक ईसाई महिला के निधन के बाद अंतिम संस्कार को लेकर उपजे मतभेद ने गांव में तनाव का माहौल बना दिया था, जो धीरे-धीरे बढ़ सकता था। जानकारी के अनुसार विकासखंड नहरपुर के ग्राम मारवाड़ी निवासी राधा कोड़पी का लंबी बीमारी के बाद बुधवार 8 अप्रैल को निधन हो गया। परिजन ईसाई परंपरा के अनुसार अपने निजी खेत में उनका दफन संस्कार करना चाहते थे और उसके लिए लगभग पूरी तैयारी कर लिया था। इसी बीच गांव के कुछ लोगों ने इस पर आपत्ति जताई। ग्रामीणों का कहना था कि गांव में पहले से ही धर्मांतरण को लेकर असंतोष है, ऐसे में इस तरह का दफन संस्कार गांव की सीमा के भीतर करना उचित नहीं होगा। इस बात को लेकर गांव में बैठक भी हुई, जहां विरोध खुलकर सामने आया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तहसीलदार एवं पुलिस प्रशासन को जानकारी दी गई और खबर मिलते ही मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया ताकि किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति से बचा जा सके। प्रशासनिक टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों की बात सुनी और हालात को नियंत्रित करने की कोशिश शुरू की। काफी देर तक चली चर्चा और समझाइश के बाद आखिरकार दोनों पक्षों के बीच सहमति बन पाई। आपसी सहमति से यह तय किया गया कि शांति और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए अंतिम संस्कार गांव की सीमा से बाहर किया जाएगा। इस निर्णय के बाद गांव में फैला तनाव पूरी तरह समाप्त हो गया।



### प्रशासन की सक्रियता से मामला सुलझा

इस पूरे घटनाक्रम के दौरान प्रशासन की ओर से तहसीलदार की सतर्कता और संतुलित हस्तक्षेप के चलते स्थिति बिगड़ने से बच गई। यदि समय रहते पहल नहीं की जाती, तो मामला गंभीर रूप ले सकता था। फिलहाल गांव में पूरी तरह शांति है और प्रशासन की टीम हालात पर नजर बनी हुई है।

## कार्रवाई : 9 हाईवा, 5 चेनमाउंटेन व 5 ट्रैक्टर पर कार्रवाई से मचा हड़कंप

# रेत के अवैध खनन परिवहन में संलिप्त 14 वाहन जब्त, दो लाख का किया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

चारामा और दुर्गूकोंदल क्षेत्र में अवैध रेत परिवहन पर आखिरकार प्रशासन का शिकंजा कसता नजर आया है। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद खनिज विभाग ने सख्त कार्रवाई करते हुए 9 हाइवा और 4 ट्रैक्टर पर कार्यवाही करते हुए 5 चैन माउंटेन को सील किया गया। इस कार्रवाई के बाद अवैध ढंग से रेत का कारोबार करने वालो में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार खनिज विभाग की टीम ने विशेष अभियान चलाकर बिना रॉयल्टी के रेत परिवहन करने वाले वाहनों पर नजर रखी। अप्रैल माह के इन सात दिनो में कुल 9 हाइवा और 4 ट्रैक्टर को जप्त किया गया। जांच में पाया गया कि यह सभी वाहन नियमों को दरकिनार कर अवैध रूप से रेत का परिवहन कर रहे थे। विभाग ने मौके पर ही कार्रवाई करते हुए संबंधित वाहन मालिकों से कुल 2,20,992 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अवैध रेत कारोबार करने वालों के बीच दहशत का माहौल है।



### दो मामले में 1 लाख 16 हजार का जुर्माना

दुर्गुकोंदल क्षेत्र में दो अलग-अलग मामलों में अवैध खनन करते पाए जाने पर 1,16,500 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया। संबंधित विभाग ने जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर यह कदम उठाया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में अवैध खनन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भविष्य में भी ऐसी गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जाएगी और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

### कार्रवाई जारी रहेगी

जिला खनिज अधिकारी सनत कुमार साहू ने कहा कि क्षेत्र में लंबे समय से अवैध रेत खनन और परिवहन की शिकायतें मिल रही थीं। इसी को ध्यान में रखते हुए यह सघन अभियान चलाया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

### कांग्रेस की शिकायत पर 5 चेनमाउंटेन जब्त

कांग्रेस पार्टी के द्वारा ज्ञापन दिए जाने के उपरांत तेलगुड़ा, भिलाई, माहुद भिरौद और अरौद क्षेत्र की रेत खदानों पर प्रशासन ने अवैध उत्खनन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। निरीक्षण के दौरान कई जगह नियमों का उल्लंघन पाया गया, जिसके बाद संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर प्रत्येक खदान से एक-एक चैनमांउटेन को जप्त किया गया है। पाँच खदान से 5 चैन माउंटेन मशीनों को जप्त किया गया, जो बिना अनुमति या निर्धारित शर्तों के विपरीत संचालित की जा रही थीं।

स्थानीय नागरिकों ने इस पहल का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि इससे प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण होगा और अवैध गतिविधियों पर रोक लगेगी। खनिज विभाग की इस सख्ती ने यह संदेश साफ कर दिया है कि नियमों की अनदेखी अब भारी पड़ सकती है और अवैध कारोबार पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

# तेज हवाओं से मुसुरपुट्टा के जंगल में धधकी आग, वन संपदा की क्षति



हरिभूमि न्यूज ⏭ बासनवाही

मुसुरपुट्टा क्षेत्र के घने जंगलों में अचानक भड़की भीषण आग ने पूरे इलाके को हिलाकर रख दिया है। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और जंगल का बड़ा हिस्सा इसकी चपेट में आ गया। दूर-दूर तक उठते धुएं के गुबार की भयावहता ने आसपास के गांवों में दहशत का माहौल पैदा कर दिया।

जानकारी के अनुसार, सूखी पत्तियों, गिरी हुई लकड़ियों और तेज हवाओं ने आग को तेजी से फैलाने में अहम भूमिका निभाई। लंबे समय से जंगल में जमा सूखा जैविक पदार्थ आग के लिए ईंधन साबित हुआ, जिसके चलते हालात बेकाबू होते चले गए। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि कई घंटों की कोशिशों के बावजूद इसे पूरी तरह नियंत्रित नहीं किया जा सका। इस अग्निकांड में बड़ी संख्या में पेड़-पौधे जलकर राख हो गए हैं, जिससे वन संपदा को भारी नुकसान पहुंचा है। जंगल में रहने वाले वन्य जीवों पर भी संकट मंडरा रहा है। छोटे जीव-जंतु और पक्षियों के घोंसले नष्ट होने की आशंका जताई जा रही है, जिससे पर्यावरणीय संतुलन पर भी असर पड़ सकता है। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग और स्थानीय प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और दमकल संसाधनों के साथ आग बुझाने का अभियान शुरू किया। स्थानीय ग्रामीणों ने भी साहस दिखाते हुए वन विभाग का सहयोग किया।

प्रारंभिक जांच में आग लगने के स्पष्ट कारण सामने नहीं आए हैं, लेकिन अधिकारियों का मानना है कि मानव लापरवाही जैसे जलती बीड़ी या सिगरेट फेंकना या भीषण गर्मी के चलते आग भड़कने की संभावना हो सकती है। फिलहाल मामले की विस्तृत जांच जारी है।

# नक्सलवाद के विरोध में एबीवीपी ने पुतला दहनकर जताया आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा नक्सल मुक्त छत्तीसगढ़ के संकल्प के तहत 08 अप्रैल को नक्सलवाद के विरोध में पुतला दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूर्व में नियोजित योजना के तहत प्रदेश के सभी जिलों में नक्सलवाद के विरुद्ध कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई गई थी, जिसके तहत कांकेर में यह विरोध प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं एवं विद्यार्थियों ने नक्सलवाद के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए पुतला दहन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि नक्सलवाद प्रदेश के विकास एवं शांति के लिए एक बड़ी बाधा है, जिसे समाप्त करने के लिए समाज के हर वर्ग को एकजुट होकर प्रयास करना होगा। कार्यक्रम में विद्यार्थी परिषद के



कार्यकर्ता एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे, जिन्होंने नक्सल मुक्त छत्तीसगढ़ के निर्माण का संकल्प लिया। पुतला दहन में जिला संगठन मंत्री भूती विभूषण कौशिक, जिला संयोजक रिषीक तिवारी, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य हर्ष सिन्हा, पीजी कॉलेज अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह चौहान, नमन मरकाम, सागर जैन, भौमिक यादव, वंश फब्यानी, लक्ष्य निषाद ,भुवेश प्रयाग, भुनेश सिन्हा, लेखराज सिन्हा, दिलीप जैन, अनुज कुमार, शिवम यादव, रूपेश दास, मोक्ष गोस्वामी, तुषार मंडावी, राहुल सलाम व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दिल्ली में प्रदर्शन के बाद शिक्षक लौटे



**पखांजुर।** टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ राजधानी दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित राष्ट्रीय आंदोलन में शामिल होकर लौटे कांकेर जिले के विकासखंड कोयलीबेड़ा के सैकड़ों शिक्षकों की वापिसी हुई, जिनका स्वागत किया गया। कोयलीबेड़ा विकासखंड के शिक्षक भी एकजुट होकर इस आंदोलन में पहुंचे और टीईटी अनिवार्यता के विरोध में अपनी आवाज बुलंद की। दिल्ली से लौटे इस शिक्षक दल का नेतृत्व जिला उप संचालक अशोक मृधा ने किया। शिक्षकों ने चेतावनी दी है कि यदि यह नियम वापस नहीं लिया गया तो आने वाले समय में आंदोलन और उग्र किया जाएगा।

# पारिवारिक विवाद पर छोटे भाई का घर फूंका, बड़ा भाई पुलिस की गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

थाना सिकासोड़ क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मेटाबोदली में आपसी रंजिश और पारिवारिक विवाद के चलते एक व्यक्ति द्वारा अपने ही छोटे भाई के घर को आग के हवाले करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध प्रभावी धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध आरोपी को गिरफ्तार किया है।

थाना सिकासोड़ में शिकायत करने पहुंचे मेटाबोदली निवासी 35 वर्षीय श्यामबती गावड़े पति देव शंकर गावड़े ने पुलिस को बताया कि मेरे पति लोग तीन भाई है, जिसमें मेरा पति का बड़ा भाई बल्लू राम गावड़े के साथ आए दिन लड़ाई झगड़ा होते रहता है। घटना के पहले रात भी मेरे पति के साथ लड़ाई



झगड़ा हुआ था। उस दौरान मेरे जेठ बल्लू ने तेरा घर को जला दूंगा करके धमकी दिया था। अगले दिन सुबह 6 अप्रैल को मै महुआ बिनने चली गई। मेरा पति काम करने सोड़वापारा चला गया। मै महुआ बिनकर शाम लगभग 4 वापस आई और देखी कि मेरा जेठ बल्लू राम मेरे घर के पास आग का जलता हुआ लकड़ी का तुकड़ा लेकर घर में आग लगा दिया और चिल्ला रहा था, जिससे मै डर गई और अपने पति को बताने सोड़वापारा चली गई। पति को बताई की बड़े भैया बल्लूराम हमारे घर को जला दिया है। हम दोनो वापस मेटाबोदली आकर देखे तो हमारा घर पुरी तरह जलकर राख हो गया था। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बल्लू राम गावड़े के खिलाफ धारा 326 (ग) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस द्वारा 8 अप्रैल को आरोपी पटेलपारा मेटाबोदली निवासी 50 वर्षीय बल्लू राम गावड़े पिता सोमू राम गावड़े को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## विधायक आशाराम ने झाड़ू लगाकर अभियान का किया शुभारंभ

# स्वच्छता सेवा संकल्प अभियान में भाजपा एवं नागरीकों के बीच दिखा गजब का उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरहरपुर

गाँव चलो, बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत नरहरपुर नगर के प्रमुख बाजार, मुख्य मार्गों और सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान का आयोजन 8 अप्रैल को किया गया। इस अभियान में जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। पूरे नगर में स्वच्छता को लेकर जागरूकता का माहौल देखने को मिला और नागरिकों ने भी बढ़-चढ़कर सहयोग किया।

मुख्य अतिथि की आसंदी से विधायक आशाराम नेताम ने स्वयं झाड़ू लगाकर अभियान की शुरुआत की और कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर सफाई कार्य में सक्रिय योगदान दिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह हमारी दिनचर्या का अहम हिस्सा होना चाहिए। विधायक ने यह भी कहा कि गाँव चलो, बस्ती चलो अभियान का उद्देश्य आमजन के बीच जाकर उनकी समस्याओं को समझना और उनके समाधान के लिए तत्पर रहना है। अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं ने बाजार क्षेत्र, सड़कों और सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई की, साथ ही दुकानदारों और राहगीरों को कचरा इधर-उधर न फेंकने, डस्टबिन का उपयोग करने और स्वच्छता के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए सभी से निरंतर प्रयास करने की अपील भी किया। स्वच्छता ही सेवा जैसे नारों के साथ पूरे



वातावरण को जागरूकता से भर दिया गया, जिससे नागरिकों में सकारात्मक संदेश गया। मंडल अध्यक्ष संतोष भास्कर एवं अभियान प्रभारी मुकेश संचेती ने बताया कि यह अभियान जनसंपर्क को मजबूत करने का एक सशक्त माध्यम बन रहा है। इसके तहत कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों से संवाद स्थापित कर रहे हैं और सरकार की योजनाओं की जानकारी भी साझा कर रहे हैं।

### कार्यक्रम में यह रहे शामिल

आयोजित कार्यक्रम में तहसीलदार पौरस वेंताल, बीएमओ डॉ. प्रशांत सिंह, सीएमओ रोशन सिंह ठाकुर,थाना प्रभारी सोमेश बघेल, डॉ शिरीष दीवान, एडिशनल सीईओ सुरेंद्र कश्यप, भाजपा मंडल महामंत्री लक्ष्मी नारायण साहू, पार्षद भागवत शोरी, गोपाल कृष्ण साहू, तरुण निषाद, निरंजन सिन्हा रामेश्वर साहू, डायमंड सिन्हा, लीला सिन्हा, उमा सिन्हा, उत्तरा सिन्हा, रूखमणी सिन्हा, लता जैन, उषा सिन्हा, मोहन कुंजाम, आशाराम जूरी, आसकरण ध्रुव, योगेश सोनवंशी, राजू सिन्हा, लियाकत अली, सियाराम मंडावी, स्वच्छता समूह की दीदी व स्वच्छता मित्र भी शामिल हुए।

WE ARE HIRING

Job Opening

CIRCULATION ASSISTANT MANAGER

Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post

Location : Raipur City

We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.

Qualifications :

- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years

Responsibilities :

- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records

How to Apply

Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com

Last Date to Apply : 10 April 2026

हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

## खबर संक्षेप



### गौतम कृषि केंद्र बफना पर उर्वरक क्रय–विक्रय पर रोक

**कोण्डागांव।** कृषि विभाग द्वारा उड़नदस्ता टीम लगातार निरीक्षण कर रही है, ताकि किसानों को गुणवत्तायुक्त उर्वरक और बीज उपलब्ध हो सके। मेसर्स गौतम कृषि केंद्र ग्राम बफना में निरीक्षण के दौरान यूरिया उर्वरक के भौतिक सत्यापन में पीओएस मशीन के रिकॉर्ड और किसानों को दिए गए उर्वरक में अंतर पाया गया। जांच में स्टॉक रजिस्टर, विक्रय दर बोर्ड का अभाव तथा किसानों को बिल नहीं देने जैसी अनियमितताएं सामने आईं। इन अनियमितताओं के चलते मेसर्स गौतम कृषि केंद्र, ग्राम बफना पर 21 दिनों के लिए उर्वरक क्रय–विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया है। कृषि विभाग द्वारा मामले की जांच जारी है और किसानों के हितों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनीं लोगों की समस्याएं



**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याएं और मांगें सुनीं। जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। ग्राम सलना डूमरापारा के ग्रामीणों ने प्राथमिक शाला के खेल मैदान पर अतिक्रमण की शिकायत की, जिस पर एसडीएम केशकाल को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। ग्राम निलजी के कुंवरलाल बघेल ने प्री–मैट्रिक बालक छात्रवास खोलने की मांग रखी, जिस पर आदिवासी विकास विभाग को निर्देशित किया गया। ग्राम अदनार, लेमड़ी और काटागांव के ग्रामीणों ने वन अधिकार पत्र एवं बंटवारे से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।

# बंजारा समाज ने मरीजों का जाना हाल-चाल, बांटे फल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

## विश्व बंजारा दिवस पर पेश की मानवता की मिसाल

विश्व बंजारा दिवस के अवसर पर ब्लॉक के बंजारा समाज द्वारा सेवा और संवेदना का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर बुधवार को समाज के लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर मरीजों का हालचाल जाना और उन्हें फल वितरित किए।

कार्यक्रम की शुरुआत समाज की आराध्य देवी मेरामां याड़ी एवं धर्म गुरु संत सेवालाल महाराज के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर तथा दीप प्रज्ज्वलन के साथ की गई। इसके पश्चात समाज के सदस्य अस्पताल पहुंचे, जहां मरीजों को फल बांटकर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गई। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि विश्व बंजारा दिवस समाज की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं, भाषा और इतिहास को संजोने और प्रचारित करने का महत्वपूर्ण अवसर है। इस दिवस का उद्देश्य समाज की एकता, स्वाभिमान, संघर्ष और संस्कृति का सम्मान करना है। उल्लेखनीय है कि यह दिवस 8 अप्रैल 1981 को जर्मनी में आयोजित रोमा, जिप्सी और बंजारा समाज की ऐतिहासिक बैठक की स्मृति में मनाया जाता है। बंजारा समाज आज भारत सहित विश्व के अनेक देशों में अपनी विशिष्ट पहचान के साथ निवास कर रहा है।






### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में समाज के बसंत चौहान, जग्गू भारद्वाज, राजकुमार भारद्वाज, भुनेश्वर,हेमराज भारद्वाज, रामकुमार भारद्वाज, भरत भारद्वाज, कमल चौहान, ललिता भारद्वाज, सुमित्रा, हीरा, कैशिल्या, अन्नू, वैभव भारद्वाज उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर सेवा भाव के इस कार्य को सफल बनाया।

## रामलीला मैदान दिल्ली में शिक्षकों का महासैलाब

# टेट अनिवार्यता के खिलाफ हुंकार जिले से सैकड़ों शिक्षक हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता के विरोध में 4 अप्रैल को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित आंदोलन में देशभर से आए शिक्षकों का अभूतपूर्व जनसैलाब उमड़ पड़ा। इस ऐतिहासिक प्रदर्शन में कोंडागांव सहित छत्तीसगढ़ से हजारों शिक्षकों ने भाग लेकर अपनी मजबूत एकजुटता का परिचय दिया। टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के आह्वान पर आयोजित इस आंदोलन में देश के विभिन्न राज्यों से शिक्षक शामिल हुए। बड़ी संख्या में उपस्थित शिक्षकों ने स्पष्ट कर दिया कि टेट अनिवार्यता के खिलाफ अब निर्णायक संघर्ष होगा। प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राठौर के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ से हजारों शिक्षक दिल्ली पहुंचे। कोंडागांव जिले से भी सैकड़ों शिक्षकों ने भाग लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। टीएफआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दिनेश चंद्रा शर्मा ने कहा टेट अनिवार्यता लाखों शिक्षकों के भविष्य के साथ अन्याय है, इसे तुरंत वापस लिया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।



### ये हुए शामिल

इस आंदोलन में कोंडागांव जिले से मदन राठौर, जयलाल पोयाम, रामू राम सिन्हा, मोहरधन ध्रुव, रामदेव कौशिक, उपेंद्र सिंह, रमेश कोर्राम, शुभाष पोयाम, भगत राम नाग, गोविंद राम सोरी, धरम नायक, डमरू मरकाम, भरत नागवंशी, सुंदर लाल बघेल सहित सैकड़ों शिक्षक शामिल रहे।

### सांसद ने दिया समाधान का भरोसा

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद जगदंबिका पाल ने शिक्षकों को आश्वस्त किया कि वे इस मुद्दे को प्रधानमंत्री तक पहुंचाएंगे, शिक्षकों के अधिकारों के लिए हर स्तर पर आवाज उठाएंगे। प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राठौर ने कहा छत्तीसगढ़ के शिक्षक अपने अधिकारों की लड़ाई में पीछे हटने वाले नहीं हैं। उन्होंने सभी शिक्षकों से एकजुट रहकर आंदोलन को और मजबूत बनाने का आह्वान किया।




## मेले से लौटने के दौरान हादसा

# बारदा पुल पर अज्ञात बाइक की टक्कर से युवक गंभीर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

ब्लॉक के ग्राम बारदा पुल में मंगलवार की शाम एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार ग्राम बारदा निवासी सुकालू राम नेताम गोड़मा मेला से अपने घर लौट रहे थे, तभी सामने से आ रहे एक अज्ञात बाइक सवार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में सुकालू नेताम को गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद परिजनों द्वारा उन्हें तत्काल फरसगांव अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया। हालत गंभीर होने के चलते रात करीब 9 बजे उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना के बाद अज्ञात बाइक सवार मौके से फरार हो गया। मामले की जानकारी संबंधित थाना को दी गई है, जिसके बाद पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

■ प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर

# बाबुदबेना के कर्मा महोत्सव में साहू समाज का भवन लोकार्पित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनेलीकन्हार

साहू समाज द्वारा ग्राम बाबुदबेना में कर्मा महोत्सव एवं सामाजिक भवन लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भक्त माता कर्मा के छायाचित्र की पूजा-अर्चना से हुई। इसके पश्चात पूर्व विधायक शिशुपाल शोरी की विधायक निधि से लगभग 5.50 लाख रुपए की लागत से निर्मित साहू समाज भवन साहू सदन का विधायक आशाराम नेताम ने फीता काटकर लोकार्पण किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि कर्मा महोत्सव सामाजिक एकता और संगठन का प्रतीक है। उन्होंने समाज के लोगों से एकजुट होकर कार्य करने और युवाओं को आगे लाने की अपील की, ताकि समाज की परंपराएं और नियम मजबूत बने रहें। साथ ही उन्होंने समाज की मांग पर बाउंड्री वॉल निर्माण, एक माह के भीतर हैंडपंप खुदवाने तथा युवाओं के लिए जिम सामग्री उपलब्ध कराने की घोषणा की। पूर्व विधायक शिशुपाल शोरी ने कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने क्षेत्र में साहू समाज सहित विभिन्न समाजों को भवन एवं टीन शेड उपलब्ध कराए हैं। उन्होंने साहू समाज की सराहना करते हुए कहा कि यह समाज अपने योगदान से प्राप्त संसाधनों का बेहतर उपयोग करता है। कार्यक्रम में सरपंच हेमलता धरत, जनपद सदस्य सरस्वती केमरो, मंडल अध्यक्ष डाकेश साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष पंचुराम नायक, लोकेश्वर सेन, युवा मोर्चा अध्यक्ष अंकित टावरी, हेमलता गढीया, बंशीलाल साहू, ओमप्रकाश साहू, उषा साहू, जनकनंदन कश्यप, सेवक साहू, सहदेव साहू, शिवप्रसाद साहू, चन्द्र कांत साहू, गुलाब साहू, दिनेश साहू, धरम ठाकुर, दिनेश्वर साहू सहित समाजजन उपस्थित रहे।

# भूमिहीन आदिवासियों को खेती के लिए भूमि देने का लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

बस्तर अंचल में एक बार फिर भूदान आंदोलन की नई चेतना जागृत होती नजर आ रही है। प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक डॉ. राजाराम त्रिपाठी ने अपनी भूमि को ट्रस्ट में देकर भूमिहीन आदिवासी परिवारों को खेती हेतु उपलब्ध कराने का ऐतिहासिक संकल्प लिया।है। यह घोषणा उस समय हुई जब पांच राज्यों की भूदान स्मृति विचार एवं सद्भावना यात्र कोंडागांव पहुंची। यहां विचार मंथन के साथ कृषि मॉडल का अवलोकन किया गया। 35 हजार किमी यात्रा कर चुके विशेषज्ञों ने कोंडागांव मॉडल को अद्वितीय बताया। डॉ. त्रिपाठी ने अपने 30 वर्षों के अनुभव साझा करते हुए बताया कि प्रस्तावित भूमि ट्रस्ट के माध्यम से भूमिहीन आदिवासियों को खेती के लिए जमीन दी जाएगी। इस भूमि पर जैविक खेती, हर्बल फसलें, मसाले एवं श्रीअन्न उत्पादन किया जाएगा, जिससे रोजगार, आय वृद्धि और पर्यावरण संरक्षण एक साथ संभव होगा। यात्रा दल के प्रमुख रमेश भाई ने इस पहल को विनोबा भावे के भूदान आंदोलन की समकालीन पुनर्व्याख्या बताया। उन्होंने कहा कि कोंडागांव का यह मॉडल देश के लिए प्रेरणास्रोत है और कृषि समस्याओं का समग्र समाधान प्रस्तुत करता है। यात्रा दल ने मां दंतेश्वरी हर्बल फार्म का भ्रमण कर बहुस्तरीय जैविक खेती, नेचुरल ग्रीनहाउस और काली मिर्च उत्पादन का अवलोकन किया।



उनके लिए विशेष आकर्षण 70–80 फीट ऊंची काली मिर्च की बेलें, ऑस्ट्रेलियन टीक के साथ मिश्रित खेती हल्दी, सफेद मूसली, स्टीविया जैसी फसलें रही। दल ने घोषणा की कि इस मॉडल को विनोबा भावे के आश्रमों पवनार सहित में लागू किया जाएगा। डॉ. त्रिपाठी ने इसमें पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इस पहल से प्रभावित होकर विभिन्न राज्यों से आए विशेषज्ञों ने मां दंतेश्वरी हर्बल समूह की सदस्यता ग्रहण की।

### सामाजिक सहभागिता से बना ऐतिहासिक पड़ाव

कार्यक्रम में समाजसेवी भूपेश तिवारी, दसमति नेताम, अनुराग कुमार, शंकर नाग, कृष्णा नेताम सहित अनेक लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम के दौरान विनोबा भावे के भजनों और पुस्तकों ने आयोजन को भावनात्मक ऊंचाई भी प्रदान की। कोंडागांव से शुरू हुई यह पहल न केवल भूदान आंदोलन को नई दिशा दे रही है, बल्कि बस्तर के आदिवासी समाज के लिए आत्मनिर्भरता और सम्मानजनक जीवन की नई राह भी खोल रही है।

# जनजागरण अभियान में साइबर सुरक्षा व यातायात नियमों की दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

दुर्गुकोंदल क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और ग्रामीणों को जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा लगातार जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद यादव के निर्देशन में ग्राम घोटिया में एक महत्वपूर्ण जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया।

इस अभियान के तहत बीट प्रभारी आरक्षक द्वारिका दुग्गा एवं उनके सहयोगी स्टाफ ने ग्रामीणों के बीच पहुंचकर विभिन्न विषयों पर जानकारी दी। पुलिस टीम ने विशेष रूप से साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों को ध्यान में रखते हुए ग्रामीणों को जागरूक किया। उन्हें बताया गया कि किसी भी अनजान कॉल, लिंक या संदेश पर भरोसा न करें और अपनी निजी जानकारी जैसे औटीपी, बैंक डिटेल्स या पासवर्ड किसी के साथ साझा न करें और साथ ही ऑनलाइन ठगी के विभिन्न तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, जिससे ग्रामीण सतर्क रह सकें। बैठक में यातायात नियमों के पालन पर भी जोर दिया गया। पुलिस ने ग्रामीणों से अपील की कि वे वाहन चलाते समय हेलमेट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें, गति नियंत्रण रखें और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें। इससे दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है और जनहानि को रोका जा सकता है। इसके अलावा शासन की महत्वाकांक्षी राहवीर योजना की जानकारी देते हुए बताया गया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की सहायता करने वाले नागरिकों को शासन द्वारा प्रोत्साहन राशि दी जाती है। इससे लोगों को जरूरतमंदों की मदद करने के लिए प्रेरित किया गया।

पुलिस टीम ने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने क्षेत्र में होने वाली किसी भी अवैध गतिविधि जैसे अवैध शराब बिक्री, जुआ-सट्टा, संदिग्ध व्यक्तियों की आवाजाही या अन्य आपराधिक गतिविधियों की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। इससे समय रहते कार्रवाई कर क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखी जा सकेगी। अंत में थाना प्रभारी एवं बीट प्रभारी के मोबाइल नंबर सहित हेल्पलाइन नंबर 9479155125 भी साझा किया गया, ताकि आपात स्थिति में ग्रामीण सीधे संपर्क कर सकें। बैठक में ग्राम पंचायत घोटिया की सरपंच, सचिव चंद्रप्रभा उयके, पंच बसंती नेताम, पटेल एवं गायता शिवराम दरों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# 105 सहायक शिक्षक पदोन्नत होकर बने प्रधानपाठक, फेडरेशन की प्रशंसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

शिक्षा जगत के लिए 7 अप्रैल का दिन ऐतिहासिक बन गया, जब लंबे समय से लंबित प्राथमिक शाला प्रधान पाठक पदोन्नति की बहुप्रतीक्षित सूची जारी कर दी गई। इस सूची में 105 सहायक शिक्षकों को प्रधान पाठक पद पर पदोन्नत किया गया है, जिससे जिले भर में खुशी और उत्साह का माहौल है। इस उपलब्धि का श्रेय सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के निरंतर प्रयासों को दिया जा रहा है।

फेडरेशन के जिलाध्यक्ष निर्भय कोवाची ने बताया कि पदोन्नति प्रक्रिया लंबे समय से अटकी हुई थी, जिसे लेकर संगठन लगातार प्रयासरत था। अंततः शिक्षकों को उनका हक मिल सका। पदोन्नति सूची जारी होते ही शिक्षकों में उत्साह देखने को मिला। कई शिक्षकों ने इसे अपने लंबे संघर्ष का परिणाम बताया और संगठन के प्रति आभार व्यक्त किया। फेडरेशन ने सभी पदोन्नत शिक्षकों को बधाई देते हुए नए दायित्वों के सफल निर्वहन की शुभकामनाएं दीं। इस सफलता में प्रांतीय अध्यक्ष रविन्द्र राठौर, प्रांतीय संगठन मंत्री उत्तम बघेल के मार्गदर्शन में जिला स्तर पर जिला सचिव आशु मरकाम, संरक्षक उत्तमचंद वारे, कार्यकारी अध्यक्ष विनोद मंडावी सहित अन्य पदाधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। फेडरेशन ने इस पदोन्नति के लिए जिला प्रशासन का भी आभार जताया। पदाधिकारियों ने कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ और जिला शिक्षा अधिकारी को धन्यवाद देते हुए कहा कि प्रशासन के सहयोग से ही यह संभव हो पाया। इस पदोन्नति से न केवल शिक्षकों का मनोबल बढ़ा है, बल्कि शिक्षा व्यवस्था में सुधार की उम्मीद भी जताई जा रही है। नए प्रधान पाठकों के नेतृत्व में विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता और अनुशासन को और मजबूती मिलने की संभावना है।



## मां संगीता के मार्गदर्शन में साधकों ने ध्यान की विधियां सीखीं

# तीन दिवसीय ओशो ध्यान शिविर का ध्यानमय समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले में आयोजित तीन दिवसीय ओशो ध्यान शिविर का 5 अप्रैल की शाम को शांत एवं आध्यात्मिक वातावरण में समापन हुआ। मर्दापाल रोड स्थित आसमती होटल परिसर में आयोजित इस शिविर में जिले सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए साधकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर के दौरान प्रतिभागियों को ओशो द्वारा बताए गए विभिन्न ध्यान विधियों डायनमिक, कुंडलिनी और नाद ब्रह्म ध्यान का अभ्यास कराया गया। तीन दिनों तक चले इस साधना कार्यक्रम में ध्यानी लगातार ध्यान के माध्यम से आत्मिक शांति और आंतरिक संतुलन का अनुभव करते रहे। शिविर का संचालन गुजरात से आईं मां संगीता ने किया। उन्होंने बेहद सरल, सहज और प्रेमपूर्ण शैली में ओशो की ध्यान विधियों को समझाया। साथ ही उन्होंने ओशो के साथ बिताए अपने अनुभवों को साझा करते हुए साधकों को ध्यान की गहराई से जोड़ने का प्रयास किया। शिविर का प्रमुख केंद्र डायनमिक ध्यान रहा, जिसे मां संगीता ने पूरी तरह वैज्ञानिक बताते हुए कहा कि नियमित अभ्यास से मानसिक तनाव, चिंता और कई शारीरिक बीमारियों से मुक्ति मिलती है तथा जीवन में गहरी शांति का अनुभव होता है।





### प्रदेशभर से पहुंचे लोगों ने लिया भाग

ध्यान शिविर में कोंडागांव, जगदलपुर, दुर्ग, भिलाई सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ध्यानी शामिल हुए। युवाओं की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही, जिन्होंने ध्यान के प्रति गहरी रुचि दिखाई। ओशो मित्र मंडल कोंडागांव के अथक प्रयासों से आयोजित इस शिविर ने प्रतिभागियों को मानसिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा और जीवन को नई दिशा देने का अवसर प्रदान किया।

### आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ समापन

समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने ध्यान साधना के अनुभव साझा किए और भविष्य में भी नियमित ध्यान करने का संकल्प लिया। तीन दिवसीय यह ओशो ध्यान शिविर कोंडागांव में आध्यात्मिक जागरूकता और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति एक नई चेतना जगाने में सफल रहा।

## खबर संक्षेप

### गांव चलो बस्ती चलो अभियान का शुभारंभ



**बीजापुर।** भैरमगढ़ ब्लॉक के दूरस्थ एवं अति संवेदनशील क्षेत्र ग्राम पंचायत टिंडोड़ी के विभिन्न गांवों में भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के पावन अवसर पर गांव चलो बस्ती चलो अभियान का शुभारंभ छत्तीसगढ़ भाजपा उपाध्यक्ष जी. वेंकटेश्वर उपस्थिति में किया गया। यह जन चौपाल आधारित अभियान ग्राम टिंडोड़ी, धुसावाड़ा एवं करेमरका सहित आसपास के गांवों में पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी के संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने के साथ-साथ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री बलदेव उरसा, मंडल अध्यक्ष चिन्नाराम तेलम, वरिष्ठ भाजपा नेता अनु ठाकुर, मुन्नूराम लेकम सहित अनेक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### धनसिंग बने भाजपा अजा मोर्चा के जिला प्रभारी



**बचेली।** भारतीय जनता पार्टी अजा मोर्चा छत्तीसगढ़ में संगठात्मक विस्तार के महत्वपूर्ण नियक्तियां की गई हैं। इसी क्रम में बचेली नगरीय क्षेत्र के युवा 4 बार के भाजपा पार्षद धनसिंग नाग को भारतीय जनता पार्टी अनु जाति मोर्चा बस्तर जिला का जिला प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई हैं।

### बेरीकेट में रेडियम लगाया



**भानपुरी।** भानपुरी चौक में बेरीकेट में रेडियम लगाते हुए पुलिस जवान।

संघर्ष से सफलता की ओर बढ़ते बस्तर के बदलते स्वरूप की पहचान बना मिनपा

# अब छंटने लगा लाल आतंक का अंधियारा

लीलाधर राठी ⏭ सुकमा

विकास की यह नई बयार ग्रामीणों के जिला प्रशासन के प्रति बढ़ते विश्वास का परिणाम है। हमारा मुख्य उद्देश्य नक्सलवाद के खात्मे के साथ दूरस्थ क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करना है। आज मिनपा में स्कूल, बिजली, राशन और स्वास्थ्य सुविधाओं का सुलभ होना इस बात का प्रमाण है कि विकास अब अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। उक्त बातें कलेक्टर अमित कुमार ने कही।

- नक्सल प्रभाव खत्म, बंदूक की जगह अब खेती और खुशहाली

वर्षों से नक्सलवाद का दंश झेल रहे मिनपा क्षेत्र में अब जिला प्रशासन विकास के नये आयाम रचने लगा है। 17 जवानों की शहादत की भूमि अब विकास की कहानी लिख रही हैं। इसी मिनपा ग्राम में अब डिजिटल के माध्यम से नई क्रांति लाई जा रही है।

कभी नक्सलवाद का गढ़ और संघर्षों के लिए पहचाना जाने वाला सुकमा जिले का मिनपा गांव आज शांति और सुशासन की नई मिसाल पेश कर रहा है। मार्च 2020 की वह हृदयविदारक घटना, जिसमें 17 सुरक्षाकर्मियों ने अपनी शहादत दी थी, उस काले अध्याय को पीछे छोड़ते हुए मिनपा अब विकास की मुख्यधारा से जुड़कर 'आत्मनिर्भरता' की ओर कदम बढ़ा चुका है। अतीत में ग्रामीणों को छोटी-छोटी बीमारियों के इलाज के लिए 'चिंतागुफा' या 'दोरनापाल' जैसे दूर-दराज के इलाकों पर निर्भर रहना पड़ता था। लेकिन आज गांव में ही उपस्वास्थ्य केंद्र स्थापित हो चुका है, जहाँ ग्रामीणों को निःशुल्क दवाएं और त्वरित उपचार मिल रहा है। स्वास्थ्य केंद्र में बाइक एंबुलेंस की सुविधा दी जा रही है जो दूरस्थ पहुँचविहीन गांवों से मरीजों को स्वास्थ्य केंद्र लाने का कार्य करती है।

प्रशासन की सक्रियता से अब ग्रामीणों को शासकीय दस्तावेजों के लिए शहर की दौड़ नहीं लगानी पड़ती। गांव में ही आधार कार्ड अपडेट, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, राशन कार्ड और वोटर आईडी जैसी ऑनलाइन सुविधाएं सुलभ करा दी गई हैं।

### मिनपा में लौट रही खुशियां, अब गांव में स्वास्थ्य, शिक्षा और रोशनी







### शिक्षा और पोषण के साथ कालाबाजारी से मिली मुक्ति

मिनपा में अब स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र पूरी जीवंतता के साथ संचालित हैं। बच्चों के हाथों में अब किताब और कलम है, जो एक सुरक्षित और शिक्षित भविष्य की नींव रख रहे हैं। गांव में निर्मित नए पीडीएस भवन से हर माह नियमित राशन वितरण सुनिश्चित हो रहा है। वहीं, बिजली के खंभों ने गांव के अंधेरे को दूर कर दिया है। घर-घर बिजली पहुंचाने का कार्य अब अंतिम चरण में है, जिससे गांव की रातें भी अब रोशन हैं।

### सुक्का के जीवन में आया बदलाव

मिनपा निवासी माड़वी सुक्का पिता भीमा को शासन द्वारा 2 हेक्टेयर रकबे का वनाधिकार पत्र प्रदान किया गया है, जिससे उन्हें अपने कब्जे की वन भूमि पर मालिकाना हक मिला। वनाधिकार पट्टे की भूमि पर माड़वी सुक्का ने धान की खेती कर आय बढ़ाई और छत्तीसगढ़ शासन की समर्थन मूल्य धान खरीदी योजना के तहत धान बेचकर प्राप्त राशि से ट्रैक्टर की किश्त चुकाई। साथ ही उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पक्का मकान निर्माण की स्वीकृति मिली है और उनका आवास निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त उनके आधार कार्ड, राशन कार्ड, जॉब कार्ड, आयुष्मान कार्ड और पैन कार्ड भी बन चुके हैं, जिससे उन्हें विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ आसानी से मिल रहा है।

### प्रशासनिक संकल्प से बदली तस्वीर

नक्सलवाद के कारण थमा हुआ विकास अब वनाधिकार पट्टा, समर्थन मूल्य में धान खरीदी और 'पीएम आवास' जैसी योजनाओं के माध्यम से धरातल पर दिखाई दे रहा है। शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन ने ग्रामीणों के मन से भय को समाप्त कर विश्वास का संचार किया है। शासन का लक्ष्य अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है। मिनपा गांव आज केवल एक भौगोलिक स्थान नहीं, बल्कि संघर्ष से सफलता की ओर बढ़ते बस्तर के बदलते स्वरूप की पहचान बन गया है।

### सरकार की मंशानुरूप हो रहे हैं कार्य: कलेक्टर

कलेक्टर अमित कुमार ने बताया कि मिनपा गांव में विकास की यह नई बयार ग्रामीणों के जिला प्रशासन के प्रति बढ़ते विश्वास का परिणाम है। हमारा मुख्य उद्देश्य नक्सलवाद के खात्मे के साथ दूरस्थ क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करना है। आज मिनपा में स्कूल, बिजली, राशन और स्वास्थ्य सुविधाओं का सुलभ होना इस बात का प्रमाण है कि विकास अब अंतिम व्यक्ति तक पहुँच रहा है। हम मिनपा की तरह जिले के हर अंदरूनी गांव को मुख्यधारा से जोड़ने और वहां के युवाओं को बेहतर भविष्य देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर उठने लगे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

नगर पंचायत बारसूर के विभिन्न वार्डों में कराए गए निर्माण कार्यों को लेकर गंभीर अनियमितता और भ्रष्टाचार के आरोप लग रहे हैं। आरोप है कि करीब 20 लाख रुपए की लागत से बनी सीसी सड़क से लेकर सार्वजनिक शौचालयों तक में गुणवत्ता से समझौता किया गया है जिसके चलते कई नवनिर्माण एक वर्ष के भीतर ही उखड़ने लगे हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों का कहना है कि वार्ड नंबर 10 में बने सीसी सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि हलके वाहनों की आवाजाही का बोझ भी नहीं उठा पा रहे हैं और इसकी परतें उखड़ रही हैं। इतना ही नहीं, इस सीसी सड़क पर बने दो छोटे पुल भी जर्जर स्थिति में पहुंच गए है और ढहने की कगार पर है। आरोप लगाया गया है कि नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी द्वारा अपने चहेते ठेकेदारों को टेंडर दिया जाता है। साथ ही खराब कार्य करने वाले ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई भी नहीं की जा रही। इसी कड़ी में जवाहर नवोदय विद्यालय में शौचालय निर्माण को लेकर भी सवाल खड़े हुए हैं। आरोप है कि छोटे ईंटों से निर्माण होना था, लेकिन ठेकेदार ने बड़े ईंटों का उपयोग कर दिया, जिससे निर्माण गुणवत्ता पर प्रश्नचिह्न लग गया है।

- शौचालय स्वीकृत पर मानक के अनुसार नहीं





### कांग्रेसी पार्षदों का आरोप

कांग्रेस के दो युवा पार्षदों मोहित नाग और निर्मल पुजारी ने खुलकर नगर पंचायत के निर्माण कार्यों की जांच की मांग की है। उनका कहना है कि ख़राब गुणवत्ता को लेकर ठेकेदार से बात करने पर संतोषजनक जवाब नहीं दिया जा रहा। ऐसे खराब कार्य करने वाले ठेकेदारों की जांच कर ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई किया जाना चाहिए। क्योंकि भविष्य में बड़े हादसे हो सकते हैं और जनता की गाढ़ी कमाई का दुरुपयोग होगा। स्थानीय नागरिकों ने भी इन निर्माण कार्यों की निष्पक्ष तकनीकी जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### नोटिस दिया गया


सीसी सड़क का टेंडर एमआर कंस्ट्रक्शन को दिया था ,जो पहला पेमेंट निकलता है ओ एमआर कंस्ट्रक्शन को कर दिया गया है और ठेकेदार को नोटिस देकर पेमेंट रोक दिया गया है। साथ ही जवाहर नवोदय विद्यालय में बन रही शौचालय निर्माण वाले मामले में ठेकेदार को नोटिस भेज दिया गया है।

-गिरीश तिवारी,
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
नगर पंचायत बारसूर

## इंस्टाग्राम रील से फंसा शिकारी वन विभाग की बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा/गीदम।

इंस्टाग्राम पर वायरल वन्य जीव को शिकार करने की एक वायरल रील के आधार पर वन विभाग द्वारा आरोपी को ट्रैक कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी द्वारा अनुसूची-1 के अंतर्गत संरक्षित इंडियन जायंट स्क्विरेल का शिकार कर वीडियो अपलोड किया गया था। राज्य एंटी पोचिंग टीम के सहयोग से दंतेवाड़ा एवं गीदम रेंज की संयुक्त टीम द्वारा बुधवार को आरोपी के घर दबिश दी गई, जहां से 9 गिलहरियों के अवशेष, एक भालू की खाल एवं शिकार के फंदे बरामद किए गए। आरोपी के विरुद्ध वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। मुख्य वन संरक्षक आलोक तिवारी के मार्गदर्शन एवं वनमंडलाधिकारी रंगनाधा रामाकृष्णा वाय के निर्देशन में जिले में वन्यजीव अपराध, अवैध शिकार एवं लकड़ी तस्करी के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। नवपदस्थ दंतेवाड़ा एवं गीदम रेंजर के नेतृत्व में जिले में वन एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर अभियान तेज किया गया है। वनमंडलाधिकारी रंगनाधा रामाकृष्णा वाय ने कहा कि वन्यजीवों के शिकार में लिप्त किसी को बख्शा नहीं जाएगा तथा सभी से अपील की कि शिकार से दूर रहकर वन संरक्षण में सहयोग करें।



## महिला कांग्रेस ने डीपीओ का फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा



महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी (डीपीओ) वरुण नागेश पर उन्हीं के विभाग में कार्यरत महिला कर्मचारियों द्वारा अश्लील व्यवहार करने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। पहले महिला कांग्रेस की जांच टीम द्वारा सखी सेंटर एवं विभाग में पहुंच सभी कर्मचारियों के बयान दर्ज कर कलेक्टर से मुलाकात कर कार्रवाई की मांग रखी थी। आज महिला कांग्रेस द्वारा तुलिका कर्मा के नेतृत्व में डीपीओ वरुण नागेश का पुतला दहन किया गया। इस दौरान तुलिका कर्मा ने कहा कि यह मामला केवल एक अधिकारी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे महिला समाज के सम्मान से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी महिला कर्मचारी के साथ अन्याय होता है, तो महिला कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी और हर स्तर पर लड़ाई लड़ी जाएगी। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि एक सप्ताह के अंदर और निष्पक्ष कार्रवाई नहीं की गई तो महिला कांग्रेस द्वारा कलेक्ट्रेट घेराव किया जाएगा। वहीं महिला शहर अध्यक्ष इंदिरा शर्मा ने कहा कि सरकारी दफ्तरों में कार्यरत महिलाओं की सुरक्षा और गरिमा सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा ने कहा कि जांच प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी हो और इसमें किसी भी प्रकार का दबाव या पक्षपात न हो। साथ ही दोषी पाए जाने पर संबंधित अधिकारी को तत्काल पद से हटाकर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। पुतला दहन के दौरान महिला कांग्रेस एवं पुलिस की हल्की झूमा झटकी भी हुई पर जूतों से सजे वरुण नागेश का पुतला दहन करने में महिला कांग्रेस सफल रही।

## बस्तर के विकास को मिली नई उड़ान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



रायपुर और जगदलपुर के बीच हवाई सेवा का प्रारंभ होना बस्तर क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है। इस सेवा के शुरू होने से पूरे बस्तर संभाग में उत्साह का माहौल है।

इस अवसर पर बीआर बालाजी एलएलपी, महिंद्रा परिवार एवं कपूर परिवार की ओर से बस्तर चेंबर ऑफ कॉमर्स, सभी राजनीतिक दलों एवं जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया गया है, जिन्होंने लगातार प्रयास कर रायपुर–जगदलपुर हवाई सेवा को पुनः प्रारंभ कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

लंबे समय से क्षेत्र के लोग रायपुर से बेहतर और तेज कनेक्टिविटी की मांग कर रहे थे। अब हवाई सेवा शुरू होने से रायपुर और जगदलपुर के बीच यात्रा का समय काफी कम हो जाएगा, जिससे व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में सकारात्मक प्रभाव देखने को मिलेगा। हवाई सेवा शुरू होने से व्यापारियों और उद्यमियों को रायपुर जैसे बड़े शहर से सीधा संपर्क स्थापित करने में सुविधा होगी, जिससे बस्तर क्षेत्र में व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही बस्तर की प्राकृतिक सुंदरता, जलप्रपात, घने वन क्षेत्र और समृद्ध आदिवासी संस्कृति को देखने के लिए देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों की संख्या में भी वृद्धि होने की संभावना है। स्वास्थ्य सेवाओं के दृष्टिकोण से भी यह सुविधा महत्वपूर्ण साबित होगी। विद्यार्थियों और प्रशासनिक कार्यों के लिए भी यह कनेक्टिविटी काफी उपयोगी साबित होगी।

बीआर बालाजी एलएलपी एवं कपूर परिवार ने आशा व्यक्त की है कि भविष्य में इस हवाई सेवा का और अधिक विस्तार होगा तथा इसे नियमित रूप से संचालित किया जाएगा, जिससे बस्तर क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास को नई गति मिलेगी और क्षेत्र को मुख्यधारा से जोड़ने में महत्वपूर्ण सहायता प्राप्त होगी।

## मेला व कबड्डी स्पर्धा में उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ घाटलोहंगा

क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित चैत्र मेला, जात्रा एवं खेलकूद कार्यक्रमों में बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने सहभागिता कर ग्रामीणों के साथ जुड़कर उनकी खुशियों में भागीदारी निभाई। इस दौरान उन्होंने देवी-देवताओं की विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

- कबड्डी प्रतियोगिता में कुल 32 टीमों ने भाग लिया



गत दिवस ग्राम पंचायत खोरखोसा के आश्रित पारा सोरागुड़ा में वरिष्ठ कार्यकर्ता महादेव बघेल के निवास में आयोजित जात्रा कार्यक्रम में विधायक पहुंचे, जहां उन्होंने देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों के कल्याण की प्रार्थना की इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इसके पश्चात चैत्र मेला कौड़ावंड पहुंचने पर ग्राम के माता पुजारी, माता-बहनों एवं ग्रामीणों द्वारा विधायक का स्वागत किया गया। स्वागत उपरांत उन्होंने माता हिंगलाजिन के प्रमुख पुजारी के सानिध्य में माता गंगादई की विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। ग्राम पंचायत तुंगापाल में आयोजित चैत्र मेला के अवसर पर जलनी माता की पूजा-अर्चना कर विधायक ने कबड्डी फाइनल मैच का शुभारंभ किया। फाइनल मुकाबला बालोद एवं कौड़ावंड के मध्य खेला गया, जिसमें दोनों टीमों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। मैच के दौरान बालोद की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खेल का रुख अपने पक्ष में कर लिया और 52-20 के अंतर से जीत हासिल कर खिताब अपने नाम किया।

इस कबड्डी प्रतियोगिता में कुल 32 टीमों ने भाग लिया, जिसमें बालोद प्रथम, कौड़ावंड द्वितीय, जमावाड़ा तृतीय एवं तुंगापाल चतुर्थ स्थान पर रहे प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई, जिससे ग्रामीण खेलों के प्रति लोगों में बढ़ती रुचि स्पष्ट रूप से दिखाई दी। बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने कहा कि उन्हें यह जानकर अत्यंत खुशी हो रही है कि ग्रामीण क्षेत्रों में लुप्त होती खेल परंपराओं को युवा खिलाड़ियों द्वारा पुनर्जीवित किया जा रहा है उन्होंने कहा कि बस्तर जैसे दूरस्थ अंचल में अब अन्य जिलों से भी खिलाड़ी भाग लेने पहुंच रहे हैं, जो इस क्षेत्र के लिए गर्व की बात है विजेता टीम बालोद के खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि भविष्य में भी वे इस प्रकार के आयोजनों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। इस अवसर पर महादेव बघेल, पूरन सिंह ठाकुर, सोनसाय कश्यप, आदिवासी कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष दुर्जन कश्यप, सरपंच नीलम कश्यप, सरपंच लैखन कश्यप, यूथ कांग्रेस उपाध्यक्ष मजहर खान, उप सरपंच मनुराम कश्यप, तुलसीराम कश्यप, कमलोचन कश्यप सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## भाजपा के 47वें स्थापना दिवस पर हॉस्टल संपर्क अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ बचेली

भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के गौरवशाली अवसर पर संगठन के निर्देशानुसार हॉस्टल संपर्क अभियान चलाया गया। इसी कड़ी में बचेली स्थित पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास हाई स्कूल में छात्र एवं युवा वर्ग के बीच एक संपर्क एवं संवाद कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ।

यह कार्यक्रम जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता, जिला महामंत्री सत्यजीत चौहान तथा मुन्ना मरकाम, जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष राहुल असरानी एवं बचेली मंडल अध्यक्ष अमलेंदु चक्रवर्ती के आदेशानुसार आयोजित किया गया।

### प्रभारी एवं वक्ताओं का संबोधन

कार्यक्रम का कुशल संचालन और प्रभार युवा मोर्चा जिला मंत्री नरेश चौहान ने संभाला, वहीं भाजपा महिला मोर्चा महामंत्री शिप्रा बिस्वास सहप्रभारी के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मंडल कोषाध्यक्ष सूरज जायसवाल थे, जिन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए स्थापना दिवस के महत्व और संगठन की रीति-नीति पर प्रकाश डाला।

### कार्यकर्ताओं की रही उपस्थिति

युवाओं को संगठन से जोड़ने के इस अभियान में युवा मोर्चा अध्यक्ष अरनब चक्रबर्ती, महामंत्री संस्कार साहू एवं रागिनी दुबे ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस अवसर पर युवा मोर्चा के साथी रवि स्वामी, नैना बेडता, शौर्य सिंह, अमित सूर्य सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और छात्रावास के छात्र उपस्थित रहे। आयोजन के अंत में प्रभारी नरेश चौहान ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं और छात्र वर्ग का हृदय से आभार व्यक्त किया।

### इनामी राशि में 30 प्रतिशत कटौती पर कांग्रेस का हमला

**जगदलपुर।** बस्तर हैरिटेज मैराथन के विजेता खिलाड़ियों की इनामी राशि में जीएसटी के नाम पर की गई कटौती को लेकर अब सियासी माहौल गरमा गया है। जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि महिला एवं पुरुष वर्ग के विजेताओं को घोषित पुरस्कार राशि में से 10,000 रुपये से अधिक राशि पर लगभग 30 प्रतिशत की कटौती कर भुगतान किया गया, जो खिलाड़ियों के साथ अन्याय है। उदाहरण स्वरूप बस्तर की धाविका कुसुम शार्दुल को घोषित 1,50,000 रुपये की राशि के स्थान पर केवल 1,05,000 रुपये दिए गए। इसी प्रकार 100 से अधिक खिलाड़ियों की राशि में कटौती की गई, जिससे नाराजगी बढ़ गई है। कांग्रेस का आरोप है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के इस आयोजन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के सम्मान के साथ खिलवाड़ हुआ है, जिससे प्रदेश की छवि भी प्रभावित हो सकती है। मामले को और गंभीर बनाते हुए 42 किमी मैराथन में धांधली के आरोप भी सामने आए हैं। बताया गया कि कुछ प्रतिभागियों ने कथित रूप से सरकारी वाहन की सहायता लेकर दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया, जिसकी शिकायत और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर प्रशासन ने उन्हें विजेता सूची से बाहर कर दिया। हालांकि, संबंधित वाहन चालक पर अब तक कार्रवाई नहीं होने से सवाल उठ रहे हैं। इस पूरे घटनाक्रम ने आयोजन की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर भी संदेह पैदा कर दिया है। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने भाजपा नेताओं से खिलाड़ियों के अपमान पर माफी मांगने और सात दिन के भीतर पूरी इनामी राशि देने की मांग की है, अन्यथा जिला पंचायत जगदलपुर का घेराव करने की चेतावनी दी है।

## विद्यालय शिक्षा केंद्र के साथ प्रतिभा को निखारने का सशक्त मंच भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहंडीगुड़ा



पीएम श्री प्राथमिक शाला गुमियापाल में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं ट्राइबल प्रदर्शनी में बच्चों ने अपनी प्रतिभा की शानदार प्रस्तुति दी।

वेष-भूषा, पारंपरिक नृत्य और जनजातीय खान-पान की झलक ने कार्यक्रम को अत्यंत आकर्षक और जीवंत बना दिया। बच्चों के उत्साह, आत्मविश्वास और रचनात्मकता ने यह सिद्ध किया कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र ही नहीं, बल्कि प्रतिभा को निखारने का सशक्त मंच भी है। ऐसे आयोजन बच्चों की सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ाव बढ़ाने के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को बधाई डॉ. बसंत कश्यप द्वारा दी गई। इस अवसर पर डॉ. बसंत कश्यप उपाध्यक्ष जनपद पंचायत लोहंडीगुड़ा सहित जनपद सदस्य, कलम सिंह, मनीष पोयम, धनी सेठिया, लखीधर सेठिया, संवेद्र सेठिया, सरपंच पोदये, पंच, समस्त ग्रामवासी, एबीओ हरेंद्र ठाकुर, लच्छिन नाग, सत्य नारायण पटेल, स्कूल प्रधानाचार्य, आश्रम अधीक्षक सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# खबर संक्षेप

## बुजुर्ग की मधुमक्खी काटने से हुई मौत

**कांकर।** हल्बा चौकी थानांतर्गत बाड़ाटोला निवासी 65 वर्षीय वेद कुमारी कुंजाम पति गुयान को मौत मधुमक्खी काटने से 2 फरवरी को हो गया। जिला अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतिका को मधुमक्खी ने काट लिया था। इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया था। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## सहायक शिक्षकों की पदोन्नति सूची जारी होने से बिखरी खुशी



**पखांजूर।** प्रदेश शिक्षक महासंघ जिला इकाई कांकेर के सतत प्रयासों का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। लंबे समय से लंबित सहायक शिक्षक संवर्ग की पदोन्नति प्रक्रिया को आखिरकार पूरा करते हुए सहायक शिक्षक से प्रधान पाठक पद पर पदोन्नति सूची जारी कर दी गई है। इस निर्णय से जिले भर के शिक्षकों में खुशी और उत्साह का माहौल है। विगत लगभग तीन माह से लंबित इस मुद्दे को महासंघ द्वारा लगातार प्रमुखता से उठाया जा रहा था। इसी क्रम में विधायक विक्रम देव उसेंडी के संज्ञान में मामला लाया गया, जिसके बाद उन्होंने तत्काल हस्तक्षेप करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद से दूरभाष पर चर्चा की। इसके पश्चात पदोन्नति प्रक्रिया में तेजी आई और सूची जारी की गई। महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व में जिला शिक्षा अधिकारी से भेंट कर पदोन्नति प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने की मांग की थी। अधिकारियों के साथ सकारात्मक और सार्थक चर्चा के परिणामस्वरूप यह उपलब्धि संभव हो सकी। यह सफलता महासंघ के प्रदेश एवं जिला स्तर के पदाधिकारियों के समन्वित प्रयास, सक्रियता और निरंतर पहल का परिणाम मानी जा रही है।

## आपत्तिजनक टिप्पणी पर विवाद के बाद पार्षद तुषार ने मांगी माफी



**भानुप्रतापपुर।** भानुप्रतापपुर में पार्षद तुषार ठाकुर द्वारा पत्रकारों के खिलाफ की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद उत्पन्न विवाद अब नए मोड़ पर पहुंच गया है। विवाद बढ़ने के बीच पार्षद तुषार ठाकुर ने पत्रकारों से अपने बयान को लेकर लिखित माफी मांगी है। यह पूरा विवाद 2 अप्रैल को शहर के मुख्य चौक में आयोजित एसडीओपी हटाओ प्रदर्शन के दौरान सामने आया था। इस दौरान पार्षद तुषार ठाकुर ने सार्वजनिक मंच से पत्रकारों के लिए आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए उन्हें दलाल एवं चोर कहा। इस बयान के बाद पत्रकार समाज में तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली और इसे मानहानिकारक बताया गया। विवाद बढ़ने के बाद पार्षद तुषार ठाकुर ने 8 अप्रैल को पत्रकार संघ भानुप्रतापपुर को संबोधित एक पत्र जारी कर अपने बयान पर खेद जताया है। पत्र में उन्होंने लिखा कि 2 अप्रैल को दिए गए वक्तव्य के संबंध में वे क्षमा याचना करते हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि इस विषय पर 8 अप्रैल को प्रेस क्लब भानुप्रतापपुर में पत्रकारों के साथ बैठक कर सार्थक चर्चा हुई, जिसके बाद पत्रकार संघ ने सहमति दी। हालांकि माफी के बाद भी पत्रकार संघ के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि इस तरह की टिप्पणी को हल्के में नहीं लिया जा सकता।


तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, छैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज


# महर्षि कालेज की कार्यशाला में नवाचार व स्टार्टअप के साथ स्वरोजगार पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को इनोवेशन महाकुंभ 1.0 विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी एवं माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुआ। प्राचार्य डॉ. रश्मि सिंह ने कहा कि बस्तर क्षेत्र संसाधनों और संभावनाओं से भरपूर है, किन्तु जागरूकता और शिक्षा के अभाव में स्थानीय लोग उसका पूर्ण लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। उन्होंने चिरौंजी, तेंदूपत्ता, महुआ जैसे वन उत्पादों का उदाहरण देते हुए बताया कि उचित बाजार और ज्ञान के अभाव में इनका वास्तविक मूल्य स्थानीय लोगों तक नहीं पहुंच पाता। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे शिक्षा को केवल नौकरी का माध्यम न मानकर नवाचार और स्वरोजगार की दिशा में भी आगे बढ़ें तथा समाज में जागरूकता फैलाएं। मुख्य वक्ता डॉ. कृष्ण कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को नवाचार की वास्तविक अवधारणा से परिचित कराया। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी प्राप्त करना नहीं, बल्कि विचारों की व्यापकता, समाज के प्रति जिम्मेदारी और समस्याओं के समाधान की क्षमता विकसित करना है। उन्होंने विद्यार्थियों से संवादात्मक शैली में प्रश्न करते हुए कहा कि यदि हर किसी को सरकारी नौकरी नहीं मिलती, तो क्या विकल्प हैं? इसका उत्तर है, इनोवेशन और उद्यमिता। उन्होंने इमली, आम, सीताफल जैसे उत्पादों के मूल्य संवर्धन के उदाहरण देते हुए बताया कि कैसे छोटे-छोटे विचार बड़े व्यवसाय का रूप ले सकते हैं। एक सफल इनोवेटर वही होता है जिसकी सोच खुली होती है और जो अपने आसपास की समस्याओं को गहराई से समझता है। विषय विशेषज्ञ डॉ. शत्रुघन पटेल ने इनोवेशन महाकुंभ की अवधारणा को विस्तार से समझाते हुए कहा कि यह आयोजन युवाओं को उद्यमिता की दिशा में प्रेरित करने का एक सशक्त माध्यम है।

### शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी प्राप्त करना नहीं



**युवकों के लिए अवसर**

जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष रत्नेश सिंह ने कहा कि इनोवेशन महाकुंभ युवाओं के लिए अवसरों का संगम है। उन्होंने कहा कि आज के समय में केवल डिग्री पर्याप्त नहीं है, बल्कि आत्मनिर्भर बनने के लिए नए विचार और स्टार्टअप की सोच आवश्यक है। इस अवसर पर जनभागीदारी समिति के सदस्य राजकुमार नशीने, क्रीड़ा अधिकारी चेतन कुमार श्रीवास, मुख्य लिपिक अश्वनी प्रधान, मुकेश डहरवाल, योगेश यादव, ईश्वर सिन्हा, डॉ. स्नेहा रितेश नाग सहित समस्त प्राध्यापक, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

### मंत्री रामविचार नेताम ने चार जिलों की समीक्षा बैठक में दी सख्त हिदायत

# खरीफ की तैयारी पर सरकार का एक्शन प्लान कालाबाजारी पर जीरो टॉलरेंस के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



बस्तर संभाग में खरीफ सीजन की तैयारियों को लेकर सरकार ने कमर कस ली है। इसी कड़ी में कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी मंत्री रामविचार नेताम ने कांकेर में संभाग के 04 जिलो की उच्चस्तरीय बैठक लेकर अधिकारियों को साफ संदेश दिया कि किसानों के हितों से किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उर्वरकों की उपलब्धता से लेकर विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन तक हर बिंदु पर सख्ती से निगरानी रखने के निर्देश दिए गए।

आयोजित बैठक में बस्तर संभाग के चार प्रमुख जिलोंकांकेर, कोंडागांव, नारायणपुर और बस्तरके कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य पालन और पशुधन विकास विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। कृषि मंत्री ने खरीफ सीजन के लिए उर्वरकों के भंडारण, वितरण और पिछले वर्ष की खपत की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि उर्वरकों की कालाबाजारी पर पूरी तरह रोक लगाई जाए और विक्रय केंद्रों का नियमित व आकस्मिक निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए। कृषि मंत्री ने वैकल्पिक कृषि पद्धतियों पर विशेष जोर देते हुए हरी खाद, जैविक खाद और जैव उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देने की बात कही। उन्होंने किसानों को केवल धान पर निर्भर रहने के बजाय कम पानी और कम लागत में अधिक उत्पादन देने वाली अन्य लाभकारी फसलों की ओर प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उद्यानिकी फसलों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और पॉम ऑयल की खेती को प्राथमिकता देने पर भी जोर दिया गया। पॉम ऑयल के साथ अंतरवर्गीय फसलों की खेती को बढ़ावा देने से किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में सकारात्मक पहल मानी जा रही है। बैठक में कस्टम हायरिंग सेंटर की उपयोगिता बढ़ाने के लिए उनकी मैपिंग करने और अधिक से अधिक किसानों को इससे लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए। बीज उत्पादन कार्यक्रम में किसानों के चयन को लेकर भी सूझबूझ से काम करने पर जोर दिया गया, ताकि बेहतर गुणवत्ता के बीजों का उत्पादन सुनिश्चित हो सके।

**विकसित कृषि संकल्प अभियान होगा शुरू**

इस दौरान यह भी बताया गया कि 5 से 20 मई तक विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत किसानों को उर्वरकों के वैकल्पिक उपयोग, हरी खाद, और धान के स्थान पर अन्य फसलों के उत्पादन के बारे में जागरूक किया जाएगा। साथ ही विभिन्न विभागीय योजनाओं और नई तकनीकों का व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा।

**मत्स्य पालन की सराहना की**

कृषि मंत्री ने मत्स्य पालन के क्षेत्र में कांकेर जिले की उपलब्धियों की सराहना करते हुए महिला स्व-सहायता समूहों को इस क्षेत्र से जोड़ने की बात कही, वहीं पशुधन विकास के तहत कुक्कुट पालन, बकरी पालन और डेयरी गतिविधियों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए गए, जिससे किसानों को अतिरिक्त आय के अवसर मिल सकें।

**बैठक में यह रहे शामिल**

आयोजित बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त शहला निगार के अलावा संचालक कृषि अजय अग्रवाल, संचालक पशुधन विकास विभाग चंद्रकांत वर्मा, संचालक उद्यानिकी लोकेश कुमार, संचालक मछली पालन एनएस नाग, संचालक समेती बीके बिजरोनिया, कुल सचिव इंदरा गांधी कृषा विश्व विद्यालय कपिल देव दीपक, सयुक्त संचालक कृषि बस्तर संभाग महादेव सिह धुव, उप संचालक कृषि बस्तर राजीव श्रीवास्तव, उप संचालक कृषि नारायणपुर मोनिका ठाकुर, प्रभारी उप संचालक कृषि कांकेर जितेंद्र कोमरा, उप संचालक कृषि कोण्डागांव कैलाश मरकाम के अलावा विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त चार युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

साइबर टीम एवं कोतवाली पुलिस ने सेन्टमाईकल स्कूल गोविंदपुर के पास संदिग्ध गतिविधियो में संलिप्त होकर अड्डेबाजी करने वाले चार आरोपियों कीर्तन कुमार मरकाम पिता तामेश्वर मरकाम उम्र 22 वर्ष निवासी मललडोबरी, रितेश कुमार भाद्वाज पिता हीरालाल उम्र 18 वर्ष निवासी सिदेसर, सौरभ सेन पिता शिवराम सेन उम्र 24 वर्ष निवासी सिदेसर और दुर्गेश कुमार मतलाम पिता राजकुमार मतलाम उम्र 19 वर्ष निवासी सिदेसर के खिलाफ धारा 170 बीएनएसएस के अंतर्गत गिरफ्तार कर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए कार्यपालिक दंडाधिकारी को पेश कर जेल दाखिल किया गया।

**संदिग्धों पर पुलिस की थी नजर :** अवैध नशा के खिलाफ जिला में चलाये जा रहे उजियारा अभियान के तारतम्य मे श्री निखिल राखेचा (भापुसे.) पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सिटी कोतवाली थाना प्रभारी प्रतिक बनसोडे दादासाहेब (भा.पु.से ) के नेतृत्व मे हमराह चार आरोपियो को संदिग्ध गतिविधियो मे संलिप्त व्यक्तियो पर सतत निगाह रखी जा रही है। नशा पत्ती कर समाज में शांति व्यवस्था खराब करने वालो एवं अवैध नशा के कारोबार संलिप्त आरोपियो के विरूद्ध कांकेर पुलिस की लगातार कार्यवाही जारी है।

**कांकेर पुलिस की अपील :** अपराध पर नियंत्रण पुलिस और जनता की साझा जिम्मेदारी हैं। कई बार आपकी एक छोटी सी सूचना बडे अपराधों को रोक सकती है इसी उद्देश्य से जिला उत्तर बस्तर कांकेर पुलिस द्वारा किसी भी संदिग्ध या अपराधिक गतिविधियों की जानकारी देने के लिए अपराधिक हेल्पलाईन नंबर 94791-55125 संचालित की जा रही हैं। यह दी गई हर सुचना एवं सूचनाकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाती हैं।

## मामूली विवाद पर पिटाई बीच-बचाव से सुलझा मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



थाना पखांजुर क्षेत्र में सड़क पर गाड़ी चलाने को लेकर शुरू हुआ एक मामूली विवाद अचानक हिंसक झड़प में बदल गया। समय रहते स्थानीय लोगों के हस्तक्षेप ने स्थिति को और माहौल बिगड़ने से बचा लिया, वरना यह मामला किसी बड़ी घटना का रूप ले सकता था।

जानकारी के अनुसार स्टाफ कॉलोनी पखांजुर निवासी 27 वर्षीय रूद्रांकर मंडल 5 अप्रैल की दोपहर करीब ढाई बजे अपनी कार से सोहगांव की ओर जा रहे थे, जैसे ही वह पीव्ही 116 के पास पहुंचे, पीछे से आ रहे स्कूटी सवार सुब्रोजीत मुखर्जी ने उनकी गाड़ी को अचानक रुकवा लिया। बताया जा रहा है कि गाड़ी चलाने को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते उग्र विवाद में बदल गई। आरोप है कि सुब्रोजीत मुखर्जी ने न केवल रूद्रांकर मंडल के साथ गाली-गलौज की, बल्कि उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। इसके बाद आरोपी ने हाथ-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी, जिससे पीड़ित के दाहिने हाथ की कलाई में नाखून से खरोंच आ गई। घटना के दौरान आरोपी ने अपने अन्य साथियों को बुलाने की धमकी देकर माहौल को और तनावपूर्ण बना दिया। घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने तुरंत बीच-बचाव कर दोनों को अलग किया, जिससे स्थिति नियंत्रण में आई और एक बड़ी अनहोनी टल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यदि समय रहते हस्तक्षेप नहीं होता, तो मामला गंभीर रूप ले सकता था। घटना के बाद रूद्रांकर मंडल ने थाना पखांजुर में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी सुब्रोजीत मुखर्जी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 115 (2) और 351 (2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना जारी है और सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

## 17 लाख का गांजा जब्त, महाराष्ट्र का सप्लायर सहित तीन तस्कर गिरफ्तार



**कांकेर।** नशीले पदार्थों के खिलाफ जारी अभियान में बांदे पुलिस को उस वक्त बड़ी सफलता हाथ लगी जब एक सटीक मुखबिर सूचना पर पुलिस टीम ने 17 लाख रुपएं से अधिक का अवैध गांजा बरामद किया। पुलिस ने घेराबंदी कर न केवल तस्करी कर रहे दो स्थानीय युवकों को दबोचा, बल्कि उनकी निशानदेही पर महाराष्ट्र की सीमा के भीतर घुसकर मुख्य सप्लायर को भी गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए तीनों आरोपियों के कब्जे से कुल 33.460 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त किया गया है। पुलिस को 7 अप्रैल की सुबह मुखबिर से जानकारी मिली थी कि बिना नंबर की काले रंग की मोटरसाइकिल पर दो व्यक्ति प्लास्टिक बोरियों में गांजा भरकर भूमकाम, महाराष्ट्र से पखांजूर की ओर जा रहे हैं। जानकारी मिलते ही पुलिस टीम ने पीव्ही 83 गोविन्दपुर तिराहा के पास नाकाबंदी कर दी। कुछ ही देर में संदिग्ध मोटरसाइकिल वहां पहुंची, जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर रोक लिया। पूछताछ में मोटरसाइकिल सवारों ने अपना नाम देवव्रत हालदार और पार्थदास, दोनों निवासी रूपनगर पखांजूर बताया। तलाशी लेने पर उनके पास मौजूद बोरियों से कुल 20.700 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। आरोपियों से सघन पूछताछ के आधार पर पुलिस ने तत्काल अगली कार्रवाई की। आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने यह माल महाराष्ट्र के भूमकाम निवासी पास्कल एक्का से खरीदा था। इसके बाद बांदे पुलिस की टीम ने जिला गढ़चिरौली के थाना कसनसूर अंतर्गत आरोपी पास्कल एक्का के निवास पर दबिश दी। वहां की गई तलाशी में आरोपी के कब्जे से 12.760 किलोग्राम अतिरिक्त गांजा और बिक्री की अग्रिम राशि 3 हजार 500 रुपएं बरामद की गई। इस पूरी कार्यवाही में पुलिस ने कुल 33.460 किलोग्राम गांजा, जिसकी कीमत 16 लाख 73 हजार रुपएं और तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को जब्त किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी)(2) (सी) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है

## जमीन विवाद बना खूनी संघर्ष, युवक की हत्या के बाद ग्रामीणों में उबाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर



थाना पखांजुर क्षेत्र अंतर्गत पीव्ही 27 हृदयपुर में जमीन विवाद ने भयावह रूप ले लिया। मात्र 40 डिसमिल जमीन को लेकर हुए विवाद में 24 वर्षीय युवक जीवेश मजुमदार की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। घटना बीते रविवार सुबह की है, जहां 7 लोगो ने मिलकर युवक पर हमला किया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस हमले में मृतक के परिवार के अन्य सदस्य भी घायल हो गए हैं।

घटना के बाद क्षेत्र में भारी आक्रोश फैल गया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सभी आरोपितो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, लेकिन इसके बावजूद ग्रामीणों का गुस्सा शांत नहीं हुआ है। अतिक्रमण को लेकर नाराज ग्रामीणों ने बैठक आयोजित किया, जिसमें जानकारी मिला कि आरोपित पक्षकार वाले जमीन का स्टे ऑडर लेकर आ गए है, जिसे जानने के बाद ग्रामीणों ने रैली निकालकर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। रैली के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण आरोपीत के घर के पास पहुंच गए और घर में घुसने की कोशिश करने लगे। स्थिति को गंभीर होता देख पुलिस ने सूझबूझ से भीड़ को नियंत्रित किया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। हालांकि इस दौरान कुछ महिलाओं द्वारा कुर्सियां व अन्य सामान तोड़फोड़ किया गया, वहीं किसी अज्ञात व्यक्ति ने पीछे से धान के पुआल में आग भी लगा दी।



ग्रामीणों का आरोप है कि जब तक अतिक्रमण नहीं हटाया जाएगा, तब तक मृतक का अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा। इसी के चलते पिछले चार दिनों से शव मर्चुरी में रखा हुआ है। मामले को लेकर प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

इस संबंध में एसडीएम टी आर देवांगन ने बताया कि जब तक स्थगन आदेश नहीं हटेगा तब तक अतिक्रमण को नहीं हटाया जा सकता है। सामान्य प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन किसी भी अप्रिय घटना को घटना से पहले रोकने के लिए पूरी तरह से तैयारी में है, ग्रामीणों से भी लगातार बातचीत की जा रही है, ग्रामीणों ने सकारात्मक जवाब दिया है कि जल्द ही शव का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# दुर्गूकोंदल में परिवहन व्यवस्था को लेकर बनी सहमति, बैठक में लिए कई फैसले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल




परिवहन समिति से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रशासन, खदान प्रबंधन और परिवहन संघों के बीच कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक की अध्यक्षता तहसीलदार कुलदीप ठाकुर ने किया। इस अवसर पर थाना प्रभारी प्रहलाद यादव, सहायक खनिज अधिकारी मृदुल गुहा सहित विभिन्न परिवहन संघों के पदाधिकारी एवं पुष्प स्टील एंड माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। आयोजित बैठक में खण्डीघाट परिवहन समिति, चाहचाड परिवहन संघ दुर्गुकोंदल एवं भानुप्रतापपुर परिवहन संघ के पदाधिकारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। चर्चा के दौरान परिवहन दर, खदान तक पहुंचने वाले मार्ग की स्थिति, अनलोडिंग व्यवस्था तथा स्थानीय लोगों को रोजगार देने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। परिवहन दर को लेकर चल रही असमंजस की स्थिति को बैठक में स्पष्ट किया गया। कंपनी प्रबंधन द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों और दस्तावेजों का अवलोकन करने के बाद सभी पक्ष संतुष्ट नजर आए। साथ ही यह निर्णय लिया गया कि यदि पूर्व में किसी प्रकार की त्रुटि के कारण भाड़े में अंतर पाया जाता है, तो उसके सत्यापन के बाद संबंधित राशि का भुगतान किया जाएगा। खदान मार्ग की स्थिति को सुधारने पर भी सहमति बनी। तय किया गया कि शासन द्वारा अंतिम स्वीकृति से पूर्व मार्ग के सभी आवश्यक सुधार और संधारण कार्य खदान प्रबंधन द्वारा किए जाएंगे, जिससे परिवहन कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सके। अनलोडिंग व्यवस्था को लेकर भी सकारात्मक पहल की गई। कैपटिव प्लांट में अनलोडिंग प्रक्रिया को जल्द नियमित करने का निर्णय लिया गया, ताकि परिवहन समिति के वाहनों को सप्ताह भर पर्याप्त कार्य मिल सके और उनकी आय प्रभावित न हो। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि वर्तमान परिस्थितियों में समिति द्वारा मांगा गया कोटा प्रासंगिक नहीं है। हालांकि, प्रभावित गांवों के इच्छुक लोगों को समिति के माध्यम से वाहन लगाने और खनिज परिवहन में भागीदारी का अवसर देने पर प्रबंधन सहमत हुआ, जिससे स्थानीय रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर खण्डीघाट परिवहन समिति चेमल एडगुड के अध्यक्ष रामचंद्र कल्लो, सोमल जैन, रमेश गुप्ता, नीरज द्विवेदी, दीपक जैन, अरुण यादव सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के अंत में सभी उपस्थित जनों ने लिए गए निर्णयों पर सहमति जताते हुए हस्ताक्षर किए।